प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 28.01.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज भुवनेश्वर में उत्कर्ष ओडिशा– मेक इन ओडिशा सम्मेलन का किया उद्‌घाटन, विभिन्न समझौतों से साढ़े तीन लाख नौकरियां सृजित होने की संभावना।
2. राज्य के 34 नगर निकायों में ओबीसी सर्वेक्षण का काम पूरा, आज पिछड़ा आयोग करेगा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक।
3. रांची पुलिस ने लगभग 57 एकड़ में लगी अफीम की खेती को किया नष्ट, तमाड़, बुंडू, राहे, नामकुम और दशमफॉल थाना क्षेत्र में की गई कार्रवाई ।
4. लातेहार में रंगदारी मांगने आए नक्सलियों की ग्रामीणों ने की पिटाई, एक की मौत।
5. प्रधानमंत्री मोदी आज उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों का करेंगे उद्‌घाटन, झारखंड के खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं में दिखायेंगे दम।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भुवनेश्वर में उत्कर्ष ओडिशा– मेक इन ओडिशा सम्मेलन का उद्‌घाटन किया। सम्मेलन में एक सौ से अधिक समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे जिससे साढ़े तीन लाख नौकरियां सृजित होने की संभावना है। दो दिन के सम्मेलन में 20 देशों के कई प्रतिनिधियों सहित सात हजार पांच सौ से अधिक प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ग्लोबल ग्रोथ में ओड़िशा की बड़ी भागीदारी रही है।

******************

राज्य में नगर निकाय चुनाव को लेकर 34 नगर निकायों में ओबीसी सर्वेक्षण का काम पूरा हो चुका है। दावा–आपत्ति के लिए आम सूचना निकाली गयी है और एक सप्ताह का समय दिया गया है। गुमला और सिमडेगा में सर्वे के बाद दावा–आपत्ति का निबटारा कर फाइनल रिपोर्ट आयोग को सौंप दी गई है। आज पिछड़ा वर्ग आयोग सभी जिलों के अधिकारियों के साथ सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा करेगा।

******************

रांची पुलिस ने तमाड़, बुंडू, राहे, नामकुम और दशमफॉल थाना क्षेत्र में अवैध रूप से की जा रही कुल 57 एकड़ में लगी अफीम की खेती को ट्रैक्टर और ग्रास कटर मशीन चला कर नष्ट कर दिया। वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर बुंडू थाना के 15 एकड़, तमाड़ थाना के 31 एकड़, दशामफॉल थाना के 6 एकड़, राहे थाना अंतर्गत 2 एकड़, नामकुम थाना अंतर्गत तीन एकड़ अफीम की फसल नष्ट की गई।

******************

लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के बारी रामपुर गांव में लेवी वसूलने आये नक्सलियों की ग्रामीणों और भट्ठे के मजदूरों ने पिटाई की जिससे एक नक्सली की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और नक्सलियों को अपने कब्जे में ले लिया।

******************

भारतीय रेल ने 23 हजार किलोमीटर से अधिक रेल पटरियों के उन्नयन की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इससे रेलगाड़ियों की गति बढ़ाकर 130 किलोमीटर प्रति घंटे तक करने में सहायता मिलेगी। इसके अतिरिक्त 54 हजार किलोमीटर से अधिक रेल पटरियों को रेलगाड़ियों की एक सौ दस किलोमीटर प्रति घंटे की गति के लिए उन्नत किया गया है। भारतीय रेल ने कहा है कि इससे विभिन्न क्षेत्रों में निर्बाध संपर्क सुनिश्चित किया जा सकेगा और रेलवे की परिचालन क्षमता भी बढ़ेगी।

******************

कोडरमा जिले में सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला परिवहन विभाग ने रन फॉर रोड सेफ्टी का आयोजन किया। समाहरणालय से बजरंगबली चौक तक अधिकारियों और कर्मियों ने दौड़ लगाकर सड़क सुरक्षा नियमों के पालन का संदेश दिया। मौके पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने हेलमेट, सीट बेल्ट और स्पीड लिमिट का पालन करने की अपील की।

******************

सरायकेला–खरसावां जिले के आदित्यपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 1 और 2 से ट्रेनों का परिचालन शुरू हो गया है। चक्रधरपुर रेल मंडल डीआरएम तरुण हुरिया ने बताया कि जल्द ही स्टेशन से नई ट्रेनें चलाई जाएंगी।

******************

रांची के मोरहाबादी मैदान में 31 जनवरी और 1 फरवरी को राष्ट्रीय जतरा महोत्सव का आयोजन होगा। महोत्सव के अध्यक्ष नरेश पाहन ने बताया कि इसमें राज्य के 24 जिलों से आदिवासी समुदाय के लोग जुटेंगे और अपनी परंपराओं की झलक पेश करेंगे।

इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण विभिन्न राज्यों के पारंपरिक नृत्य संगीत, हस्तशिल्प, कला हस्तशिल्प प्रदर्शनियां और क्षेत्रीय व्यंजन होंगे। यह आयोजन देश की सांस्कृतिक विविधता का उत्सव होगा।

******************

गढ़वा जिले के सभी 189 पंचायतों में तीन महीने के अंदर ई–गवर्नेंस की सुविधा बहाल कर दी जायेगी।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तराखंड के देहरादून के महाराणा प्रताप स्टेडियम में 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करेंगे। 28 जनवरी से 14 फ़रवरी 2025 तक आयोजित होने वाले 35 खेलों की कुल 47 स्पर्धाएं होंगी, जिसमे झारखण्ड से 18 खेलो के तक़रीबन 250 खिलाड़ी और अधिकारी भाग लेंगे। गौरतलब है कि 38वें नेशनल गेम्स के लिए झारखंड का किट लॉन्च और सेंड ऑफ सेरेमनी बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम रांची में 22 जनवरी को सम्पन्न हुआ था।

*****************